**खबर संक्षेप**



## महिला दिवस पर अंतरित हुई लाड़ली बहना की राशि

**कटनी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के ख़ास अवसर पर आज मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे हॉल भोपाल से सिंगल क्लिक के माध्यम से ग्रामीण आजीविका मिशन में कई नवाचारों एवं अभियानों का शुभारंभ करने के साथ ही लाडली बहनाओ के खाते में 22वीं किश्त राशि का अंतरण कर बड़ी सौग़ात दी हैं।उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर पालिक निगम कटनी के कार्यालय परिसर में देखा व सुना गया।इस दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी,निगमायुक्त नीलेश दुबे ,एमआईसी सदस्य सुभाष साहू,डॉ रमेश सोनी,जयनारायण निषाद, एड.सुरेंद्र गुप्ता ,गोविंद चावला ,पार्षद शशिकांत तिवारी,ओमी अहिरवार,पूर्व पार्षद चोखे भाई, प्र.सहा यंत्री अनिल जायसवाल, उपयंत्री मोना करेरा उपस्थित रहीं।

### बरही थाना क्षेत्र के पथरहटा में मर्मस्पर्शी घटना से क्षेत्र में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

# ये कैसी जिद: मायके जाने से मना किया तो दो साल की पुत्री के साथ मां ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पथरहटा में एक हृदय विदारक घटना हुई। दरअसल एक मां ने पहले अपने 2 वर्षीय पुत्री को फंदे में लटका दिया और फिर स्वयं ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी फैलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला द्वारा इस आत्मघाती कदम उठाने की वजह मायके जाने से मना किया जाना बताया जाता है। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पथरेहटा निवासी संजय कोल की 25 वर्षीय पत्नी सुमित्रा कुछ दिन पहले ही अपने मायके से ससुराल आई थी। उसके मायके में भैंस ने बच्चा दिया जिसके कारण अन्य बहने तेली खाने पहुंची थी, और सुमित्रा को भी मायके आने के लिए कह रही थी। कुछ दिन पहले ही ससुराल वापस आई सुमित्रा ने जब फिर से मायके जाने के लिए पति और ससुराल वालों से कहा तो ससुराल वालों ने उसकी बात नहीं सुनी और मायके जाने से इनकार कर दिया।



### घर में अकेली थी महिला

पुलिस के मुताबिक ससुराल के सभी लोग ईंट बनाने चले गए थे। ननद दोपहर में दसवीं का पेपर देने चली गई। मासूम बेटी के साथ घर में अकेली मौजूद सुमित्रा ने दोपहर लगभग 2 से 4 बजे के बीच साड़ी के एक छोर से पहले अपनी मासूम दो वर्षीय बेटी के गले में फंदा लगाया और उसके बाद दूसरे छोर पर खुद के गले में फंदा लगाकर झूल गई।

पेपर खत्म होने के बाद ननद जब घर वापस लौटी तो फंदे पर भाभी और भतीजी को लटकता देख वह स्तब्ध रह गई। आनन फानन में उसने स्थानीय लोगों और परिवार वालों तक इसकी जानकारी पहुंचाई, जिसके बाद पूरे गांव में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है।

उधर मृतिका के पिता फत्तू कोल ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी व नातिन का गला दबाकर हत्या की गई है।

बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि महिला ने मायके जाने की बात ससुराल वालों से की थी जिस पर ससुराल वालों ने उसे मायके जाने से मना कर दिया था। जिस समय घटना हुई उस समय घर पर कोई मौजूद नहीं था।

मृतिका ने पहले मासूम बेटी को फांसी लगाई और फिर दूसरी तरफ खुद फंदे में लटक कर झूल गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है।



## बच्ची का अपहरण करने वाले को बरही पुलिस ने किया गिरफ्तार

### स्कूल की छुट्टी होने पर घर छोड़ने के बहाने किया था अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरही

उमरिया जिले के चंदिया थाना क्षेत्र के ग्राम छोटी बरही की 9 वर्षीय बच्ची को शुक्रवार की शाम 4.30 बजे स्कूल की छुट्टी होने पर बाहर निकली तभी बाइक सवार युवक द्वारा घर छोड़ने का बहाना बनाकर अपहरण कर ले गया। डीआईजी शहडोल सविता सुहाने ने बताया उमरिया पुलिस व कटनी पुलिस नाकेबंदी की अपहरण बालिका के तलाश चप्पे-चप्पे में कर रही थी लेकिन कहीं सुराग नहीं लग रहा था। बच्ची के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था चौतरफा उमरिया पुलिस ने जाल बिछाया था। कटनी, मैहर, शहडोल पुलिस अलर्ट थी। शनिवार को बच्ची का अपरहण कर्ता अपनी मां के साथ बच्ची को बरही से चंदिया जाने वाली बस में बैठाया। बच्ची चंदिया स्कूल पहूंची तभी पुलिस ने बच्ची को अपने कब्जे में लिया। पूछताछ में बच्ची ने पूरी डिटेल बताई। बरही पुलिस के सहयोग से अपहरण कर्ता चंद्र शेखर पिता त्रिभुवन प्रताप कुशवाहा 32 वर्ष निवासी करौंदी को गढ़ौहा रेलवे क्रासिंग के पास से थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ उसे पकड़ लिया और उमरिया चंदिया पुलिस के हवाले कर दिया। अपहरण करने वाला बच्ची का पड़ोसी हैं। अपनी जमीन वहां से बेच दिया और करौंदी में रहने लगा।

### डीईओ एवं उड़न दस्ते दल के सदस्यों ने किया निरीक्षण

## 80 परीक्षा केन्द्रों में 3444 परीक्षार्थी हुए शामिल, 33 छात्र रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहीं है। माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार शनिवार 8 मार्च को 12वीं बोर्ड के जीव विज्ञान विषय की परीक्षा जिले के 80 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान कुल 3477 परीक्षार्थियों में से 3444 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान उपस्थित हुए तथा 33 परीक्षार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे।

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए





नियुक्त किये गये अधिकारियों द्वारा आज परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर परीक्षाओं का निरीक्षण किया गया। शनिवार को आयोजित परीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह द्वारा शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेक्ड्री स्कूल बहोरीबंद, मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बहोरीबंद, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल बाकल, गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल सिंहुडी के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया। वहीं जिला स्तरीय उड़न दस्ते दल के राजेश अग्रहरी सहायक संचालक , अभय जैन अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक द्वारा परीक्षा केंद्र बर्डेस्ले उच्च माध्यमिक विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय देवरी हटाई, ऑर्डेनेस फैक्ट्री स्कूल एवम् कुंदनदास उच्च माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। सभी केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित पाई गई। परीक्षा के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र में नकल का कोई भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, मंत्री को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। इसके विरोध में कांग्रेस ने शनिवार को प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस की मांग है कि मंत्री पटेल सार्वजनिक रूप से माफी मांगें और उन्हें मंत्रिमंडल से हटाया जाए।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्यपाल से मंत्री को सार्वजनिक माफी के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि मंत्री को हटाना लोकतंत्र की रक्षा और प्रदेश की जनता के सम्मान के लिए जरूरी है।

कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि लोकतंत्र में विधायक बनने के लिए जनता से वोट मांगे जाते हैं। जनता किसी भी राजनीतिक व्यक्ति का अपमान नहीं करती। लेकिन मंत्री पटेल ने जनता को भिखारी कहकर अपमानित किया है।

प्रदर्शन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह चौहान, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी वर्मा, कांग्रेस नेता प्रेम बत्रा, विवेक पांडेय राजा जगवानी, राकेश गुड्डु द्विवेदी, ईश्वर बहरानी समेत कई नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।






## बायपास में स्टापर से टकराई एंबुलेंस, कई लोग हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शनिवार की दोपहर एक एंबुलेंस हादसे का शिकार हो गई। एंबुलेंस मरीज को लेकर जबलपुर की तरफ से रीवा की ओर जा रही थी तभी बाईपास में इंदिरा नगर के समीप रोड पर रखें स्टॉपर से टकराकर पलट गई। एंबुलेंस पलटने के कारण उसमें सवार मरीज और उसके परिजन घायल हो गए। घटना के बाद घायलों को शासकीय जिला अस्पताल कटनी लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।



प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो शनिवार दोपहर लगभग 1 बजे मरीज को लेकर जबलपुर की ओर से रीवा की तरफ जा रही है एक एंबुलेंस इंदिरा नगर के समीप बाईपास पर पलट गई। बताया जाता है कि एंबुलेंस चालक स्टॉपर को कट मार कर एंबुलेंस निकालने का प्रयास कर रहा था जिस एंबुलेंस स्टॉपर में टकरा गई और पलट गई। घटना में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जिस मरीज को लेकर एंबुलेंस जा रही थी उसे भी हादसे में चोटें आई हैं।



## महिलाओं को पौष्टिक किट एवं साड़ी का वितरण

**कटनी।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वेलफेयर सोसाइटी द्वारा महिलाओं पौष्टिक किट और साड़ी का वितरण किया गया। विश्व के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के सम्मान में गुलाबी वस्त्र धारण कर महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में उत्सव के तौर पर मनाया गया। बारडोली वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आर एल चौधरी द्वारा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को संस्था के तरफ से मूमेंटू दे कर सम्मानित किया गया। सुशीला सिंह एनआरएलएम जनअभियान परिषद से नंदनी वाटिया आराधना तिवारी किशोर न्याय बोर्ड से सुनैना बाई बड़वारा सरपंच संगीता बर्मन विनय नागवंशी जनपद सदस्य डॉ अनिल झामनानी बीएमओ, अर्पिता पप्यासी,, सुपरवाइजर रेशमा परवीन जी एवं संस्था के सदस्य रूपा बर्मन, माया गुप्ता, काशी विश्वकर्मा, नमिता विश्वकर्मा मीरा विश्वकर्मा, रवि कांत राय, राजेश चौधरी, एवं अन्य गणमान्य नागरिक की उपस्थिति रही।

### लाडली बहनों एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी हुआ कार्यक्रम

## लाड़ली बहनों के खाते में 29.63 करोड़ की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शनिवार को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से कटनी जिले की 2 लाख 43 हजार 334 लाड़ली बहनों के खाते में कुल 29 करोड़ 63 लाख 96 हजार 900 रूपये की राशि का अन्तरण किया। इस दौरान शासकीय कन्या महाविद्यालय सहित कलेक्ट्रेट के एन आई सी कक्ष और अन्य स्थानों मे लाड़ली बहना योजना की हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण को वर्चुअली देखा और सुना गया।

मुख्यमंत्री ने सिंगल क्लिक से मासिक किस्त के तौर पर 1250 रूपए जिले की प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में अंतरित किया।



जिले भर में मुख्यमंत्री डॉ यादव के संबोधन के सीधे प्रसारण कार्यक्रम को महिलाओं की मौजूदगी को देखा व सुना गया।

मुख्यमंत्री द्वारा द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 967 महिला हितग्राहियों को 4 करोड़ 88 लाख 90 हजार 150 रूपये, जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 900 महिला हितग्राहियों को 4 करोड़ 98 लाख 4 हजार 400 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 795 महिला हितग्राहियों को 4 करोड़ 59 लाख 96 हजार 350 रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 28 हजार 284 महिला हितग्राहियों को 3 करोड़ 43 लाख 22 हजार 400 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 26 हजार 133 महिला हितग्राहियों को 3 करोड़ 19 लाख 19 हजार 250 रूपये रूपये की राशि उनके खाते में अंतरित की गई। इसी प्रकार जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 35 हजार 449 महिला हितग्राहियों को 4 करोड़ 33 लाख 14 हजार 50 रूपये, नगर निगम कटनी की 28 हजार 643 महिला हितग्राहियों को 3 करोड़ 46 लाख 85 हजार 950 रूपये, नगर परिषद बरही की 2 हजार 332 महिला हितग्राहियों को 28 लाख 52 हजार 600 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 339 महिला हितग्राहियों को 27 लाख 94 हजार 150 रूपये और नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 492 पात्र महिला हितग्राहियों के खाते में 18 लाख 17 हजार 600 रूपये की राशि अंतरित की गई। जिले की पांच जनपद पंचायतों सहित 3 नगर पंचायतों पंचायत,407 पंचायतों 561 आंगनबाड़ी केंद्रों ओर 4 नगरीय निकायों को मिलाकर कुल 970 स्थलों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग 2 लाख 18 हजार 756 लोगों ने कार्यक्रम को देखा।

## खबर संक्षेप



### महिलाओं का सम्मान कर दी गई शुभकामनाएँ

**कटनी।** पूरी दुनिया में 8 मार्च के दिन को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर मनाया जा रहा है जिसका उद्देश्य महिलाओं के प्रति समाज में सम्मान की भावना पैदा करना और उन्हें समान अधिकार दिलाना है।इस खास अवसर पर आज नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक,एमआईसी सदस्यों,पार्षद व अन्य जनों द्वारा महापौर प्रीति संजीव सूरी सहित निगम महिला अधिकारी कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया साथ ही अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा महिलाओं का सम्मान सिर्फ एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है।महिलाओं की ताकत और सम्मान के प्रतीक के रूप में हर साल अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को 8 मार्च को पूरी दुनिया में मनाते है,यह दिन महिलाओं के अधिकारों, लैंगिक समानता और उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरुकता फैलाने वाले दिन का प्रतीक है।

### नगर में ससंघ आगमन पर आरती उतारकर की गई अगवानी

**कटनी।** गणाचार्य विराग सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य आचार्य विहर्ष सागर महाराज का संघ सहित नगर आगमन हुआ संघ में 17 मुनिराज आर्यिका माताए चल रही है। संघ की पन्ना तिराहे पर भव्य आगवानी के पश्चात धर्मयात्रा प्रारंभ होकर आजाद चौक,शेर चौक, से होते हुये बड़े मंदिर में पहुंच कर धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हो गई मार्ग में रंगोली सजाकर आरती उतारकर मुनि संघ की आगवानी की गई। जहां मुनिश्री मांगलिक प्रवचन हुये यात्रा में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, अरविंद जैन, पं.शैलेन्द्र जैन, अनिल सिंघई, लम्पू जैन, विक्की जैन, प्रकाश जैन-जैन नर्सरी राहुल जैन, मोनू जैन, गोल्डी जैन,सुनील जैन गुड्डा जैन, मोनू सिंघई, अनिल जैन एवं दि.जैन समाज पंचायत गुरूभक्त मंडल, ज्ञानोदय संगीत मंडल के श्रद्धालु चल शामिल हुये प्रातः मुनि संघ द्वारा नवनिर्मित चेतनोदय तीर्थ क्षेत्र के दर्शन एवं आहार चर्या के बाद मंगल विहार इंदौर के लिये हो गया है।

### जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक कल

**कटनी।** जिला रोगी पशु कल्याण समिति की बैठक 10 मार्च को समय-सीमा की बैठक उपरांत दोपहर 2 बजे के बाद कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दिलीप कुमार यादव करेंगें। बैठक के दौरान अध्यक्ष जिला कृषि स्थायी समिति कटनी, सतीश सोनी, राजू जायसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन, वन संरक्षक, आयुक्त नगर निगम, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, सिविल सर्जन शासकीय पोलीक्लिनिक एवं पशु प्रजनन कार्यक्रम अधिकारी, मुख्य ग्राम योजना मौजूद रहेंगें।

### 2600 रूपए में उपार्जित किया जाएगा समर्थन मूल्य में गेहूं

**कटनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि राज्य शासन द्वारा रबी विपणन वर्ष 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं रुपये 2425 प्रति क्विंटल पर रुपये 175 प्रति क्विटल की दर से किसानों को बोनस का भुगतान किया जायेगा। जिले में गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले किसानों को गेहूं की कुल राशि रू. 2425 प्रति क्विंटल सहित 175 प्रति क्विंटल के मान से बोनस कुल (2600/- प्रति क्विंटल) के मान से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की राशि का भुगतान किया जायेगा । रबी विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के प्रमुख गेहूं उत्पादक एवं समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने वाले सभी किसानो से समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं एवं उस पर प्रदाय बोनस राशि प्रदाय की जाएगी ।

## होली, रमजान पर्व को लेकर एसपी के निर्देश पर जिले भर में पुलिस अलर्ट, बदमाशों की कसी नकेल

# मुस्तैदी : अपराधिक तत्वों की ली क्लास, सघन चेकिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने क्षेत्र का भ्रमण कर निगरानीशुदा बदमाशों एवं गुण्डों की जांच की। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की गई। अनावश्यक रूप से देर रात घूमते पाये गए व्यक्तियों को सख्त हिदायत दी गई कि बेवजह यहां वहां नहीं घूमें। इसके अलावा होटलों, ढाबों, धर्मशालाओं, रेलवे स्टेशनों में सघन जांच अभियान चलाया गया। दरअसल पुलिस की यह सक्रियता आगामी पर्वों को लेकर चल रही है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों के साथ क्षेत्र का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन का कहना है कि होली, रमजान पर्व पर किसी प्रकार की कोई अप्रिय वारदात या हादसा नहीं हो इसके लिए सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में नियमित रूप से भ्रमण कर अपराधिक तत्वों पर नजर रखने सख्त हिदायत दी गई है।

### बदमाशों की ली क्लास

माधवनगर पुलिस ने थाना प्रभारी माधवनगर रूपेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में थाना माधवनगर में निगरानी बदमाश और गुंडो को चेकिंग अभियान चलाया गया जिनकी चेकिंग परेड भी आयोजित की गई। जिसमें थाना क्षेत्र के कुल 32 बदमाश उपस्थित हुए जिसमे हर्ष उर्फ बेटू यादव,. सचिन यादव, पवनेश अवस्थी, चुंगा कोल, विक्रम गोंड, पूरन सिंह, सलीम खान,. पवन भसानी,. बादल वंशकार, शनि चौधरी,. गणेश प्यासी, राजेन्द्र तिवारी,.विजय उर्फ बिज्जू लालवानी,. मोहित उर्फ गुल्ला गर्ग, छोटू उर्फ चंद्रकांत सोनी,. दिनेश कोरी, नन्हे उर्फ प्रेमशंकर, राका उर्फ आकाश वंशकार, सत्यप्रकाश बेन, किशोर कुमार छगानी, महेश खत्री,. राकेश बली रमानी,. भूरा यादव,. अशोक यादव, साहिल वंशकार,. सुधीर चौधरी,. मोहित उर्फ चीकू चौधरी,. मनोज उर्फ मुज्जी विश्वकर्मा, अभय उर्फ लंगी चौधरी व अन्य उपस्थित हुए जिनका डोजियर भरा गया एवं त्यौहार दौरान शांति पूर्वक रहने के संबंध में सख्त हिदायत देते हुए बदमाशो की कुंडली खंगाली गई। आयोजित चेकिंग परेड दौरान सभी को कडे शब्दो में अपराध से दूर रहने एवं समाज की मुख्य धारा से जुड़ने की चेतावनी के साथ शांति पूर्वक त्यौहार के लिए सभी को प्रतिबंधित करने हेतु




126/135, 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही भी की है। जिससे बदमाशो पर अंकुश लगाया जा सके।

### कुठला पुलिस भी रही सक्रिय

कुठला पुलिस द्वारा क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी बदमाशो, असामाजिक तत्वो, आदतन अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों को थाना पर तलब कर कार्यवाही की गई तथा मुनासिव हिदायत दी गई सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई। इसी तरह से थाना बाकल पुलिस ने बरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के आदेशानुसार थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल द्वारा थाना क्षेत्र के गुण्डा, निगरानी , बदमाशो, आदतन अपराधियो, असमाजिक तत्वो के विरूद्ध थाना बाकल अन्तर्गत 11 गुंडा बदमाश, 02 निगरानी बदमाश, 05 आदतन अपराधियो , 07 असामाजिक तत्वों, 06 संदिग्ध व्यक्तियो को चैक किया गया एवं 20 लोगो को होली पर्व को देखते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की समझाईस दी गई ।

### रात्रि गश्त के साथ सघन चैकिंग

पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम एवं रात्रि में पैदल गश्त करते हुये अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अतिरिक्त पुलिस अधीश्रक, सीएसपी एवं शहर के थाना,चौकी प्रभारियो द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्र में संयुक्त रूप से पैदल,मोबाइल वाहन से भ्रमण किया एवं भ्रमण के दौरान होटल,ढाबों, धर्मशालाओं, बाजार,बस स्टैंड,रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों आदि की औचक चैकिंग करते हुये अवैध रूप से जमावड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइस दी गई। बाहर से आकर रूके लोगों,फेरी बालो को चेक किया गया. उनके द्वारा थाने में मुसाफिरी दर्ज कराई गई है या नही कितने लोग है कहां-कहां जाते है,क्या करते है इत्यादि बिन्दुओं की तस्दीक की गई । इसके साथ ही होटल, ढाबों, लॉज को भी अवैधानिक गतिविधि की दृष्टि से चैक किया गया ।

### बदमाशों एवं संदिग्धों पर के विरूद्ध की गई कार्यवाही

समस्त थाना/चौकी अंतर्गत पुलिस द्वारा मोबाइल पार्टियों,पैदल पार्टियों के माध्यम से रात्रि में गश्त करते हुए 90 गुंडा ,50 निगरानी बदमाशों , आदतन अपराधी-55, असमाजिक तत्व-35, संदिग्ध व्यक्ति-12 पूर्व में चोरी के अपराधों में पकड़े गए चोरों ,जेल से रिहा हुए पूर्व अपराधियों को औचक रूप से चैक किया गया। जिसको दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु 06 संदिग्ध व्यक्तियों पर धारा 170 बीएनएस के तहत कार्यवाही, 09 व्यक्तियों पर धारा 129 बीएनएस के तहत कार्यवाही एवं 77 व्यक्तियों पर 126,135 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई ।

### बेवजह घूमने वालों से पूछताछ

पुलिस की रात्रि गश्त पार्टियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए धार्मिक स्थलों, स्थानों,सराफा दुकानों,न्यायालय परिसर,ट्रेजरी, बैंक, एटीएम सहित महत्वपूर्ण स्थानों को चैक किया गया एवं देर रात्रि में फालतू घूम रहे युवाओं/व्यक्तियों से पूंछताँछ की गई एवं संदिग्ध स्थिति को देखते हुए वैधानिक कार्यवाही की गई ।

*ढीमरखेड़ा के ग्राम जिर्री एवं डुडहा में की गई कार्यवाही*

## दो स्थानों से पुलिस ने जब्त किया 65 हजार रूपए से अधिक का अवैध डीजल



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जिर्री एवं डुडहा में दबिश देकर अवैध रूप से भंडारित 700 लीटर डीजल बरामद किया है। थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद ने बताया कि पुलिस अधीक्षक द्वारा अवैध डीजल / पैट्रोल के व्यापार में लगे व्यक्तियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया था जिसके पालन में अवैध डीजल के व्यापार में लगे आरोपी चूडामडि यादव के कब्जे से प्लास्टिक के गुम्मे में भरा 100 लीटर डीजल किमती 9400/- एंव ग्राम जिर्री में संपतलाल यादव के घर से 3 ड्रमो में भरा 600 लीटर डीजल किमती 56400/- जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध उपरोक्त धारा सदर का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

मुखबिर द्वारा ग्राम डुडहा एंव जिरी में अवैध डीजल भंडार के संबंध में सूचना प्राप्त हुई मुखबिर सूचना पर स्थानो में ढीमरखेड़ा पुलिस के द्वारा रेड कार्यवाही की गई। ग्राम डुडहा स्थित ढावा के पिछे से दो प्लास्टिक के गुम्मो में 100 लीटर अवैध डीजल चूडामणि यादव के कब्जे में रखा पाया गया एंव ग्राम जिरी संपतलाल यादव के घर की परछी सार में 200 लीटर के 03 ड्रमो में 600 लीटर डीजल अवैध रूप से भँडारण करते मिलने पर उक्त आरोपियों से डीजल के संबंध में कागजात मांगे गये जो कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किया। उक्त दोनो स्थानों से कुल 700 लीटर डीजल किमती 65800/- जप्त किया गया है आरोपियों के विरूद्ध अपराध कंमाक 96/25, 97/25 धारा 287 बीएनएस 3/7 ई.सी एक्ट वस्तु अधि. 1955 के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

कार्यवाही में निरीक्षक मो. शाहिद, उनि सुरेश चौधरी, सउनि महेश झारिया, सउनि जयचंद उईके, प्र.आर राजकुमार शर्मा, प्र.आर सुब्बचन यादव, आर. देवेन्द्र अहिरवार, आर. पंकज सिंह, म.आर. दुर्गा शुक्ला का विशेष योगदान रहा

## छात्रावास में महिलाओं को किया गया सम्मानित




शनिवार को कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास भुड़सा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में अनोखी पहल की गई। हॉस्टल प्रभारी श्रीमती यशोदा कोरी एवं सहायक वार्डन शारदा सिंह द्वारा बालिका छात्रावास में कार्यरत सफाई कर्मी ,रसोईया , सहायक रसोईयों एवं छात्रावास के रेमेडियल टीचरों का तिलक लगाकर एवं पगड़ी पहनाकर और उपहार देकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस में सम्मानित किया गया इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा महिलाओं के लिए बहुत ही अच्छे-अच्छे सुविचार एवं एक नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया गया ,ग्राम पंचायत भुड़सा की महिला सरपंच श्रीमती आशा बाई कोल एवं छात्रावास प्रबंधन समिति की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता प्रजापति बाल संरक्षण समिति भुड़सा से मनीष गर्ग इस अवसर पर उपस्थित रहे। ग्राम सरपंच श्रीमती आशा बाई कोल, एसएमसी अध्यक्ष एवं मनीष गर्ग द्वारा बालिकाओं को महिलाओं को कैसे सुरक्षित रहना है इसके बारे में बहुत ही अच्छे से ढंग से जानकारी दी गई और उसे प्रेरणा भी समझ के बच्चियों ने बहुत ही अच्छे से स्वीकारा और तालियां बजाकर सभी का स्वागत किया।

## जिलाबदर के आदेश का उल्लंघन कर घूम रहे आरोपित को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधवनगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने जिलाबदर के आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही एसपी अभिजीत रंजन पुलिस के निर्देशन एवं थाना प्रभारी रूपेंद्र राजपूत के मार्ग दर्शन में चौकी प्रभारी नेहा मौर्या उप निरीक्षक के नेतृत्व में की गई। पुलिस के अनुसार जिला बदर आरोपी पंकज पिता रामदयाल चौधरी 26 साल निवार पहाडी को न्यायालय जिला दण्डाधिकारी के आदेश. क्र, 1420/प्र.क्रं./64/एसएसए /2024 कटनी दिनांक 14/02/25 के द्वारा तीन माह के लिये कटनी जिला की राजस्व सीमा एवं समीपवर्ती जबलपुर,मैहर,दमोह,पन्ना,उमरिया की राजस्व सीमा से बाहर चले जाने के लिये आदेशित किया गया था उक्त आदेश की तामीली दिनांक 21/02/25 को विधिवत की गई थी जिला बदर होने के बाबजूद भी निवार पहाडी जैन पट्रोल पंप के पास घूम रहा था जिसे मुखवीर सूचना पर पंकज चौधरी को पकड कर उपस्थिति का कारण पूछा गया जो कोई उचित कारण नही होना बताया एवं ना ही किसी न्यायालय में 7/03/25 को कोई पेशी होना बताया। आरोपी द्वारा जिला बदर के आदेश का उल्लंघन किये जाने से आरोपी का कृत्य धारा 14 म,प्र,राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत दण्डनिय पाया गया आरोपी को गिरफ्तारी का कारण बता कर बिधिवत गिरफ्तार किया गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दी गई जो आरोपी को न्यायलय के समक्ष जुडिसियल रिमान्ड पर पेश किया गया।

कार्यवाही में रूपेश सिंह उप निरीक्षक थाना प्रभारी माधवनगर, उप निरीक्षक नेहा मोर्य चौकी प्रभारी निवार, सउनि० कमलेश्वर प्रसाद सउनि रमाकांत दुबे प्रआर० मनीष कुमार, बकील यादव आदि की भूमिका रही।

*महाविद्यालय को 2 ई-रिक्शा एवं 10 बेंचों की मिली सौगात*

## विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को शील्ड प्रदान कर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल ने कहा है कि शासकीय कन्या महाविद्यालय की सभी कक्षाओं को स्मार्ट क्लास रूम बनाया जायेगा। उन्होंने विधायक निधि से छात्राओं के बैठने के लिए आवश्यक संख्या में पर्याप्त बेंच और कालेज आने -जाने के लिए 4 ई-रिक्शा सहित जनरेटर प्रदान करने की बात शनिवार को यहां शासकीय कन्या महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर पुलिस, उद्योग,राजस्व सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही करीब 70 महिलाओं को शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत,अपर कलेक्टर साधना परस्ते, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास नयन सिंह एवं प्राचार्य डॉ चित्रा प्रभात मौजूद रहे।

नई दिल्ली में हुए गणतंत्र दिवस परेड में कटनी जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली कालेज छात्रा सुश्री वंशिका परौहा को विधायक श्री जायसवाल के प्रस्ताव पर सम्मान स्वरूप अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वंशिका ने गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने के लिए की गई अपनी कड़ी मेहनत व परिश्रम की जानकारी दी।

विधायक श्री जायसवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि हमें दिल, मन और आत्मा की गहराइयों से महिलाओं का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने समाज के दूषित और विकृत मानसिकता वाले तत्वों से बेटियों को सावधान और सतर्क रहने की सीख देते हुए सरकार द्वारा इस मामले में अभिमन्यु जैसे पुलिस के अभियानों की सराहना की।

विधायक ने महिलाओं को प्रोत्साहन देने सरकार द्वारा नगर निगम निर्वाचन में दिये गये 50 प्रतिशत आरक्षण की बात कही। साथ ही गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होकर जिले का नाम रोशन करने वाली छात्रा वंशिका को विधायक निधि से 25 हजार रुपए की राशि प्रदान करने की घोषणा की।

पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ कर अपनी क्षमता को प्रदर्शित करने के साथ -साथ सशक्त भूमिका का निर्वहन कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिले के 15 पुलिस थानों में से 3 थानों की टी आई महिलाएं हैं। इसी प्रकार तीन पुलिस चौकियों की प्रभारी का दायित्व भी महिला पुलिस अधिकारी सम्हाल रहीं हैं। जिला पंचायत सीईओ श्री शिशिर गेमावत ने कहा कि संस्कार और संस्कृति को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने में महिलाओं की बड़ी भूमिका होती है। आज की नारी राजनीति, कारपोरेट, फाइनेंस, प्रशासन आदि क्षेत्रों में सार्थक योगदान दे रहीं हैं।

### अहिल्या बाई होलकर की 300वीं जयंती पर व्याख्यान माला आयोजित

## अहिल्याबाई ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नाकोत्तर महाविद्यालय में विगत दिवस पुण्य श्लोका अहिल्या देवी होलकर जन्म त्रि शताब्दी समारोह आयोजन समिति द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर पर व्याख्यान माला, एकल गीत एवं नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रवण, श्रीमती नीतू कनकने राष्ट्र सेविका समिति का मुकेश चंदेरिया सहसंयोजक, संजीव ठाकुर और अमित कनकने, पूजा अग्रवाल, आरती सोनी, हंस खंडेलवाल, नंदिता, कर्ण, ज्योति अग्रवाल की मौजूदगी रही। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील बाजपेई ने की।

श्रीमती कनकने जी के द्वारा प्रस्तावना प्रस्तुत किया गया तत्पश्चात कुमारी ज्योत्सना सोनी ने हे कर्मयोगिनी राजयोगिनी जयतु. अहिल्या माता जय जय तुम अहिल्या माता युगों युगों तक अमर रहेगी, यश कीर्ति की गाथा गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में



श्रीमान श्रवण जी ने अहिल्याबाई होल्कर जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला और स्पष्ट किया कि उनके आदर्श जीवन से हम सभी को निरंतर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे तिलक महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील बाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि अहिल्या देवी जी के द्वारा भारत के तीर्थ स्थलों का पुनर्निर्माण करने के पीछे उनका उद्देश्य मात्र पुण्य लाभ प्राप्त करना नहीं था, अपितु भारत की अस्मिता को पुनर्स्थापित करना था, अहिल्या देवी जी ने महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्य किया और ऐसा करते समय उनकी दृष्टि अखिल भारतीय थी।

### नृत्य नाटिका की दी प्रस्तुति

इसके पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन से संबंधित नृत्य नाटिका की प्रस्तुति की गई जिसे सभी के मन को भीतर तक झकझोर करके रख दिया इस प्रस्तुतीकरण में डॉक्टर माधुरी गर्ग श्री नायडू और श्रीमती ज्ञानेश्वरी नायडू की विशेष भूमिका रही है। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन करते हुए प्रज्ञा प्रवाह में प्रांत समिति की भूमिका का निर्वहन करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार बाजपेई ने कहा कि देवी अहिल्याबाई का चरित्र व्यक्तित्व महान है अनुकरणीय है और हम सभी को भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़कर के अपने व्यक्तित्व का परिष्करण करना चाहिए। हम सभी माता-पिता का विशेष धर्म है कि अपने बच्चों को भारतीय समाज के महान पुरुष नारी के जीवन से आदर्श लेकर जीवन को सुंदर बनाने के लिए निरंतर उन्मुख होना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ माधुरी गर्ग के द्वारा किया गया अंत में कार्यक्रम का समापन कल्याण मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक वर्ग और विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

## नगरीय क्षेत्रों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

ऑटो रिक्शा चलाने वाले हितग्राहियों की आमदनी बढ़ाने और शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के मकसद से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस वर्ष से मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत पहले चरण में प्रदेश के 3500 हितग्राहियों को फायदा पहुँचाया जायेगा। योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से ब्याज में सब्सिडी भी दी जायेगी। नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का निरंतर वर्ष 2027-28 तक क्रियान्वयन किया जायेगा।

### योजना का स्वरूप

योजना के अंतर्गत हितग्राही को नवीन ई-रिक्शा क्रय करने के साथ पुराने डीजल एवं पेट्रोल रिक्शा को पुनः सुसज्जित कर ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाकर फायदा पहुँचाया जायेगा। चयनित हितग्राहियों को दीनदयाल जन-आजीविका मिशन-शहरी घटक में 4 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान किया जायेगा। इसी के साथ हितग्राही को प्राप्त ऋण पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान किया जायेगा। मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना में लिये गये ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान की राशि राज्य सरकार द्वारा वहन की जायेगी। हितग्राही को कोलेटरल सिक्योरिटी मुक्त ऋण प्रदान किया जायेगा।

मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना के अंतर्गत शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में लाभ प्रदान कर शासन के नारी सशक्तिकरण मिशन को बल प्रदान किया जायेगा।

हटा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विधायक ने सैकड़ों महिलाओं का किया सम्मान

# 'बेटियों के हाथ सुंदर बनाने के लिए चूड़ी की जगह कलम दें'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हटा में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन शिव शक्ति गार्डन में विधायक उमादेवी खटीक के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल के मुख्य आतिथ्य व भाजपा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष शिखा जैन की अध्यक्षता में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की उपस्थिति मैं आयोजित किया गया। जहां जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम ऐसा काम करें कि हर दिन महिला का सम्मान हो हमारे जीवन में कोई कमी न रहे, महिलाओं को हमेशा मर्यादा में रहना चाहिए क्योंकि मर्यादा महिला का गहना होती है घूंघट सिर्फ मर्यादा के लिए होता है। उन्होंने कहा कि यदि बेटियों को सुंदर बनाना है तो उनके हाथों में कलाम दें ताकि वह शिक्षित होकर शिक्षित समाज और समृद्धशाली देश का निर्माण कर सके। इसके पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे सनातन धर्म में महिला हमेशा पूज्यनीय रही है हम सभी को महिलाओं का सम्मान करना सिखाया गया है, हमारे समाज में कुटुंब की परंपरा शुरू से चली आ रही है अब घूंघट प्रथा समाप्त हो रही है और महिलाएं गांव से लेकर राष्ट्र तक प्रतिनिधित्व कर रही है जिसका उदाहरण हटा में विधायक उमादेवी खटीक है जिन्होंने जिले में सर्वाधिक मतों से विजय हासिल की है हमारा दमोह जिला महिला समृद्धशाली है। वही विधायक उमादेवी खटीक ने कहा कि नारी के बिना पुरुष असहाय होता है और पत्नी से ही पुरुष की शान होती है जिस घर में नारी नहीं होती वह घर हमेशा अधूरा रहता है। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि महिला दिवस के अवसर पर हमें महिलाओं का सम्मान करने का अवसर प्राप्त हुआ इस आयोजन का उद्देश्य समाज में महिलाओं को सशक्त बनाना तथा उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक व सजग करना है इसलिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली मातृ शक्तियों का सम्मान किया जा रहा है जिससे प्रेरित होकर मातृशक्तियां जागृत हो सके। उन्होंने कठिन समय में संघर्ष करते हुए सफलता हासिल करने की प्रेरणा दी। इसके पूर्व भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह पूर्व विधायक डॉ विजय सिंह राजपूत भाजपा के वरिष्ठ नेता लालचंद खटीक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया इसके पश्चात भारती नेमा द्वारा स्वागतगीत की प्रस्तुति दी गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए मुख्य अतिथियों द्वारा शिक्षा, व्यापार, चिकित्सा और शासकीय विभागों में कार्यरत, उत्कृष्ट करने वाली महिला अधिकारीयों कर्मचारीयों के अलावा अन्य क्षेत्रों में अव्वल कार्य करने वाली लगभग 200 महिलाओं का मंच पर शाल श्रीफल भेंट कर पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दमोह श्रीमती मालती असाटी,श्रीमती संध्या राजपूत, श्रीमती सुमन हजारी, हटा महिला मोर्चा की अध्यक्ष रजनी दुबे, भाजपा जिला महामंत्री श्रीमती अनीता खरे, श्रीमती शालिनी हजारी, जनपद उपाध्यक्ष राजकुमारी छिरौलया, पटेरा की पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सावित्री उपाध्याय, सुधा सेन, सुमन पटेल के अलावा भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, गिरीश खटीक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष भोले सराफ, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष गोपाल पटेल, भाजपा नेता सोमिल सिंह हजारी, रत्नेश खटीक, कमलेश साहू के अलावा बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## पटना मानगढ़ में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**बनवार।** दमोह जिले के जबेरा ब्लॉक के ग्राम पटना मानगढ़ में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच, सचिव, महिला बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, अंतरा फाउंडेशन की टीम और ग्राम की महिलाएं, किशोरी बालिकाएं, पुरुष, आदि सम्मिलित हुए। कुल प्रतिभागियों की संख्या 80 रही। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा एवं भजन से की गई एवं सभी महिलाओं को सम्मान स्वरूप पुष्प गुच्छ दिए गए। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के दैनिक कार्य के घंटे और आराम की अवधि पर भी चर्चा की गई। साथ ही, परिवार में महिलाओं के योगदान पर भी विशेष रूप से बात की गई। महिलाओं को स्वस्थ जीवन जीने के लिए नियमित भोजन, संतुलित आहार और पर्याप्त आराम की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस पर विशेष ध्यान दिया गया कि एक सशक्त समाज तभी बन सकता है जब हर माता और बच्चा स्वस्थ रहे। महिलाओं के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए सभी उपस्थित महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंच पर आकर अपना परिचय दिया। यह महिलाओं के लिए समाज में अपनी बात रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। कुछ महिलाओं ने मंच पर अपने विचार भी साझा किए और यह कहा कि वे सम्मान एवं समानता की हकदार है। इस कार्यक्रम को महिला एवं बाल विकास विभाग, ग्राम सरपंच एवं सचिव के सहयोग एवं मार्दगदर्शन से अंतरा फाउंडेशन ने इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन एवं संचालन किया।

## महिला अधिवक्ताओं का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

8 मार्च 2025 को जिला अधिवक्ता संघ दमोह के पदाधिकारियो के द्वारा अंर्तराष्ट्रीय राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला अधिवक्ताओ का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उक्त संबंध में संघ के अध्यक्ष कमलेष भारद्धांज उपाध्यक्ष सुरेष कुमार खत्री, सचिव सुधीर पाण्डे ने जानकारी देते हुये बताया कि 8 मार्च को अंर्तराष्ट्रीय राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला अधिवक्ता संघ दमोह के समस्त पदाधिकारियो के द्वारा महिला अधिवक्ताओ का पुष्पगुच्छ एवं कलम देकर सम्मानित किया गया इस अवसर संघ के सचिव सुधीन पांडे ने बताया कि प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंर्तराष्ट्रीय राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन भारत वर्ष में किया गया ,भारत की प्रत्येक महिला हर क्षेत्र आज कदम से कदम मिलाकर चल रही है एवं पुरूषो से किसी भी क्षेत्र में पीछे नही है। आज भारत के सर्वोच्य पद पर विराजमान राष्ट्रपति माननीय द्रोपती मुर्मू पदस्थ है जो इस बात की पुष्टि करती है कि भारत की नारी किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रह सकती है। जिला अधिवक्ता संघ दमोह के द्वारा 8 मार्च 2025 को केन्द्रीय कक्ष में एक समारोह आयोजित कर नारी सम्मान के रूप मे महिला अधिवक्ताओ का सम्मान एवं स्वागत किया गया। सम्मान समारोह के दौरान संघ के समस्त अधिवक्तागण उपस्थिति रही।

## धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**हटा।** नगर के श्री कौशलाधीश मंदिर प्रांगण नायक तिगड्डा पर आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण के चतुर्थ दिवस कथावाचक अनंत विभूषित जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य पीठाधीश्वर महाकाली महाविद्या सिद्ध हनुमान पीठ रनेह बालों ने बताया कि एकादशी का व्रत श्रीमन्नारायण को प्रसन्न करने वाला व्रत है और यह व्रत तीन भागों में पूरा होता है पहला दिन में अन्न ग्रहण नहीं करना है रात्रि में जागरण करना ओर द्वादशी में पारायण करना चाहिए अगर इनमें से कोई भी एक क्रम छूट जाता है तो अपराध होता है महराज अम्बरीष एकादशी का व्रत करने के प्रभाव से भगवान को प्यारे हुए और उनकी कीर्ति दशो दिशाओं में फैलने लगी यह जानकर दुर्वासा ऋषि परीक्षा लेने पधारे और द्वादशी के दिन अम्बरीष को पारायण करने से मना किया तो महराज ने तुलसी दल का भोग भगवान को लगाकर पारायण कर लिया, दुर्वासा जी ने क्रोधित होकर कृत्या नाम की राक्षसी को प्रगट किया यह देखकर भगवान के चक्र ने प्रगट होकर कृत्या को नष्ट किया इसके बाद दुर्वासा को मारने पीछा किया तब श्रीमन्नारायण ने कहा कि दुर्वासा मेरे भक्तो का अपमान में सहन नहीं करता अपमान करने वाला कोई भी हो दंड मिलेगा इसके आगे श्रीराम के अवतार की कथा सुनाते हुए आगे भगवान श्री कृष्ण के अवतार की कथा सुनाई ओर बाजे गाजे के साथ सभी श्रोताओं ने भगवान का जन्मोत्सव धूम धाम से

## जीव और ब्रह्म का मिलन ही रुक्मणी मंगल है

**बनवार।** बगलवारा सगरा में चल रही संगीतमय भागवत कथा के छठवें दिन उक्त उद्गार शास्त्री पं.आशीष कृष्ण जी ने व्यक्त किये उन्होंने बताया की प्रकृति रूपी श्री रुक्मणी जी का राजा भीष्मक को सरोवर में कमल से प्राप्त होना और फिर स्वयंवर में भगवान के द्वारा रुक्मणी जी का हरण करके द्वारिका में भव्य और दिव्य रूप से विवाह संपन्न किया रुक्मणी जीव रूप हैं और भगवान कृष्ण साक्षात ब्रह्म है। प्रकृति और परमात्मा का साक्षात्कार ही रुक्मणी मंगल है। आगे भगवान ने आठ पटरानियां के साथ विवाह एवं भौमासुर के यहां बंदीगृह में बंद अन्य राजाओं की 16108 कन्याओं से भगवान ने एक मंडप के नीचे ही विवाह किया और यह दर्शाया कि भगवान प्रत्येक जीवो को कैसे अपनाते हैं । जब यह जीव अपना सर्वस्व परमात्मा को मन वाणी और हृदय से सर्वस्व निछावर कर देते हैं इसके बाद ही ईश्वर रुक्मणी के भांति अपने जीवन में उस भक्त को अपना लेते हैं इस प्रसंग से समाज को यह प्रेरणा मिलती है कि किस प्रकार से एक ब्रह्म हजारों जीवों को उनके जीवन में आनंद देते हैं। भगवान के दांपत्य जीवन से हमें सीखने को प्राप्त होता है कथा में कृष्ण और रुक्मणी जी की सुंदर झांकियों के साथ पूरे गांव में बैंड बाजों की धुन पर नाचते गाते हुए बारात निकाली गई । पं.गोविंद तिवारी के साथ इस कथा का आयोजन कल्लू सिंह, राजेश सिंह,तख्त सिंह, महेश सिंह समस्त ठाकुरपरिवार के साथ आसपास के ग्रामवासी भक्तों की उपस्थिति रही।

## महिला दिवस पर किया कार्यक्रम




**पटेरा।** वैश्य महासम्मेलन महिला इकाई पटेरा द्वारा 8 मार्च अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम श्रीमती वंदना जैन जी के निवास पर आयोजित किया गया। जिसमें वैश्य महासम्मेलन की समस्त महिला इकाई ने एक दूसरे को महिला दिवस एवं होली के पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप सेअध्यक्ष आशिमा गुप्ता,तहसील प्रभारी कविता बड़कुल, महामंत्री सिमी सिंघई, प्राची गुप्ता, रूचि अग्रवाल,प्रियंका जैन,संगीता गुप्ता, कमल गुप्ता, नीति गुप्ता,संगीता जैन मंजू गुप्ता, बबिता जैन, अनुजा जैन, अनीता गुप्ता, संजना जैन,सपना जैन, वंदना जैन आदि सभी संगठन की महिलाएं उपस्थित रही।

## फॉर्मर आई डी कार्य तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए: कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने ग्राम उमरी में बनाई जा रही फॉर्मर रजिस्ट्री एवं राजस्व कार्य का लिया जायजा। उन्होंने कहा फॉर्मर आई डी सभी पात्र किसानों की बन जाये, कार्य तय समय सीमा में पूर्ण किया जाए। सर्वेयर द्वारा डोर-टू-डोर जाकर किसानों के फॉर्मर आईडी का कार्य किए जाये। प्रातः काल से ही यह कार्य किए जाये। यहां 120 में से 60 फॉर्मर आईडी ग्राम उमरी बने हैं प्रातः 10:30 तक 08 फॉर्मर आईडी बनाई गई थी। इसके उपरांत कलेक्टर श्री कोचर केरबना सहित अन्य ग्रामों में फॉर्मर आईडी राजस्व कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी मौजूद रहे। इसी प्रकार हटा और पटेरा के क्षेत्र में भी एसडीएम राकेश मरकाम और तहसीलदार श्री त्रिपाठी तथा नायब तहसीलदार श्री चढ़ार एवं नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल ने क्षेत्रों में पहुँचकर कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इसी प्रकार एसडीएम सौरभ गंधर्व ने भी उक्त कार्य का जायजा लेकर सबंधित कर्मचारियों को गति लाने और समय सीमा में करने के निर्देश दिए।

### हटा तहसील अंतर्गत गांव गांव, डोर-टू-डोर हो रहा कार्य

**दमोह।** हटा क्षेत्र में प्रातः काल से ही राजस्व अधिकारी अलग-अलग क्षेत्रो के भृमण पर रहे। एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम, हटा तहसीलदार प्रवीण त्रिपाठी, नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार, नायब तहसीलदार मानसी अग्रवाल राजस्व अमले के साथ हटा, पटेरा, मड़ियादो क्षेत्रो में रहे। इस दौरान उन्होंने किसान बंधुओ से चर्चा की, उनकी बाते व समस्याए सुनी। फॉर्मर आईडी बनवाने सभी को प्रेरित किया। तहसील हटा-पटेरा अंतर्गत एसडीएम हटा राकेश सिंह मरकाम और समस्त तहसीलदार और नायब तहसीलदार प्रातः से ही फॉर्मर रजिस्ट्री संबंधित कार्य का निरीक्षण किया। इसी प्रकार नायब तहसीलदार शिवराम चढ़ार ने बर्धा के आदिवासी अंचल झोंदा, इमलिया क्षेत्र में लगभग 02 किलोमीटर पैदल चलकर किसानों के बीच पँहुचे। उन्होंने यहां फार्मर आई डी कार्य प्रगति पर पटवारी से चर्चा कर किसानों को आईडी बनवाने हेतु प्रेरित किया।

## सेक्टर बैठक का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिनौताकलां

राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार एवं जिला मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी महोदय के निर्देशन में एवं सीबीएमओ हटा डॉ.यू.एस.पटेल के मार्गदर्शन में हटा ब्लॉक के अंतर्गत हिनोता कला में सेक्टर बैठक आयोजित की गई जिसमें एएनसी पंजीयन, प्रथम तिमाही पंजीयन, चार जाचें, हाई रिस्क पंजीयन, मोडरेट एनीमिया, सीवियर एनीमिया, पीआईएच, एवं एचएमआईएस पर विस्तृत चर्चा की गई एवं समीक्षा की गई। उक्त मीटिंग में विक्रम सिंह महदेले, बी पी एम ,संतोष कुशवाह डीईओ तिलक सिंह सेक्टर सुपरवाइजर देवेंद्र पटेल सी एच ओ प्रधुमन नामदेव फार्मा सिस्ट, एवं हिनोता कला सेक्टर के सभी सीएचओ, एएनएम, आशा सहयोगी एवं आशा कार्यकर्ता की उपस्थिति रही। बैठक में गाइडलाइन के अनुसार दिए गए विषयों पर चर्चा के साथ अभी तक किये गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

## सिविल अस्पताल में समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन



**हटा।** सिविल अस्पताल हटा में शनिवार को सीबीएमओ डॉ यूएस पटेल द्वारा सेक्टर स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजित की गई जिसमें हटा शहरी क्षेत्र एवं कांटी सेक्टर की सब-सेंटर बार कार्यो की समीक्षा की गई। बैठक में सीबीएमओ पटेल ने समस्त एजेंडा मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम टीकाकरण कार्यक्रम के सब्सेन्टर एवं वार्ड बार टीम द्वारा किये गए कार्यो की बिंदुबार समीक्षा की तथा लक्ष्यानुसार कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया, साथ ही कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे जिसके लिए सभी कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए। बैठक में हटा शहरी पर्यवेक्षक बुध्दन तंतुवाय द्वारा समीक्षा रिपोर्ट का बिंदुबार प्रस्तुतिकरण किया गया सेक्टर कांटी से सुपरवाइजर रजिया सुल्तान ने सूक्ष्मता से जानकारी दी। सीबीएमओ पटेल द्वारा निर्देशित किया गया कि बैठक के एजेंडे अनुसार उपलब्धी मार्च माह में पूर्ण करना अनिवार्य है बिस्मिल्लाह प्रवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी। बैठक में समस्त सीएचओ डॉ वीरेंद्र अग्रवाल, नीलू पटेल, रवि कुर्मी, एएनएम विनी लाल ,संपत बाई चौहान,लीला अहिरवार सूफिया बेगम, प्रीति तिवारी, ,आशा सुपरवाइजर, सुधा पटेल,भारती नामदेव, एनएमए दशरथ कोरी, आदित्य सोनी , काउंसलर अनिल अहिरवार की उपस्थिति रही।

# कांग्रेस ने जलाया मंत्री प्रहलाद पटेल का पुतला

### धरना प्रदर्शन के बाद सौंपा ज्ञापन, मांगा इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जिला कॉंग्रेस कमेटी दमोह ने मध्यप्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा सार्वजनिक रूप से आम जनता को भिखारी शब्द से निरूपित करने के विरोध में स्थानीय बस स्टैंड पर धरना प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया जिसमें मंत्री को तत्काल पद से बर्खास्त कर मांगी मांगने की बात कही गई वही कॉंग्रेस द्वारा मंत्री का पुतला दहन किया गया।

जिला प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव सह प्रभारी सुरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रदेश की जनता को भिखारी निरूपित किया है, उन्होंने कहा कि जहां भी मंत्री पहुचते है वहां जनता ज्ञापन देने के नाम पर सौगातों की भीख मांगने के लिए कटोरा आगे कर देते है, निश्चित रूप से मंत्री पटेल का उक्त कथन निंदनीय एवं घोर आपत्तिजनक है । मंत्री पटेल के आम जनता को सार्वजनिक रूप से भिखारी निरूपित करने पर प्रदेश की जनता एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी की ओर से घोर आपत्ति की गई है। जगह जगह आम जनता द्वारा मंत्री पटेलजै से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने तथा मंत्री मंडल से हटाने के संबंध में प्रदर्शन किये जा रहे है । जिला कॉंग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन, पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि लोकतंत्र में मंत्री बनने के पहले विधायक होना पड़ता है और विधायक बनने के लिए आम जनता के बीच में जाकर उनके हाथ पैर जोड़कर उनसे वोट मांगा जाता है जो अपने आप में एक तरह से वोट की भीख मांगने वाला काम है। लेकिन जनता लोकतंत्र की रक्षा के लिए किसी भी राजनीतिक व्यक्ति को जो चुनाव लड़ रहा है उसे अपमानित नहीं करती है, लेकिन खेद है कि मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा सार्वजनिक रूप से आम जनता को भिखारी कहे जाने पर कोई अफसोस व्यक्त नहीं किया है उल्टे हठधर्मिता दिखाते हुए कह रहे है कि उनका कथन एकदम सही है ।

पूर्व विधायक प्रताप सिंह, राव बृजेन्द्र सिंह ने कहा ने भी मंत्री पटेल के बयान की निंदा करते हुए माफी मांगने तथा उन्हें तत्काल मंत्री मंडल से हटाए जाने की कार्यवाही की जाये।

धरना प्रदर्शन एवं पुतला दहन में जिला कांग्रेस कॉम कमेटी के जिला प्रभारी पूर्व मंत्री हर्ष यादव, सह प्रभारी सुरेन्द्र रघुवंशी, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद जैन, पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व विधायक प्रताप सिंह जबेरा, पूर्व विधायक स्नेहलता हजारी हटा, मनु मिश्रा, तिलक सिंह, लक्ष्मण सिंह, महेंद्र प्रताप बघावाले, प्रदीप खटीक, राव बृजेन्द्र सिंह, शैलेंद्र खटीक अध्यक्ष नगर पालिका हटा, बसंत कुशवाहा, संजय चौरसिया, परम यादव, लालचंद राय, रजनी ठाकुर, राव लाखन सिंह, शमीम कुरैशी, तुलाराम यादव नगर परिषद अध्यक्ष तेंदूखेड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष अमर सिंह राजपूत, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, राजा रौतेला, जीशान पठान, आशीष पटेल गोविंद तिवारी, अखिलेश सोनी, रघुनाथ यादव, मुख्तार जाफरी, दिनेश रैकवार, मंजीत यादव, वीरेंद्र चौबे, पप्पू कसौटिया, रमेश राठौड़, अजय जाटव, कृष्ण यादव तेंदूखेड़ा, अभिषेक यादव, बिंदु पटोटिया, मानक अहिरवार, सलीम बैटरी, मुकेश रोहिदास, कॉंग्रेस जन की उपस्थिति रही।

## कलेक्टर कार्यालय परिसर में हुआ दीदी कैफे का शुभारंभ



**दमोह।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में नया सवेरा संकुल स्तरीय संगठन द्वारा संचालित दीदी कैफ का पूर्व वित्तमंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया द्वारा शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विधायक श्री जयंत कुमार मलैया ने कहा आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। मध्य प्रदेश शासन की पहल पर अलग-अलग जगहों पर जो महिलाओं के समूह बने हुए हैं, इसी तरीके से दमोह जनपद के समूह ने दीदी कैफे यहां पर प्रारंभ किया है। इसके उद्घाटन करने का स्व-अवसर मिला, चाय पीने का और सभी बहनों से मिलने का अवसर मिला। उन्होंने सभी बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फूलपगारे, एसडीएम आर एल बागरी, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक सुशील नामदेव, डीपीएम नितेन्द्र अहिरवार, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, मिथलेश सिंह, सतीश शर्मा, कैफ संचालक नया सवेरा संकुल स्तरीय संगठन से श्रीमती श्याम विश्वकर्मा, श्रीमती ममता लोधी, श्रीमती लक्ष्मी लोधी, श्रीमती रचना , श्रीमती रेणुका, श्रीमती विभा तिवारी, श्रीमती सीमा लोधी,श्रीमती रानी चौबे मनीष तिवारी, अजित मोदी, विवेक अग्रवाल, शेरा जैन आदि उपस्थित थे।

## पटेरिया मे बाबा साहब अम्बेडकर की नवीन मूर्ति स्थापित की गई



**सगोनी।** गांव में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डां भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम संपन्न हुआ। दरअसल विगत 12 फरवरी 2025 को संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के दिन पंचायत भवन पटेरिया के पास स्थित डां भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा क्षतिग्रस्त की हो गई थी जिसके बाद नवीन प्रतिमा के लिये प्रयास किये जा रहे थे। शनिवार 8 मार्च 2025 को नवीन मूर्ति का अनावरण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि गोवर्धन राज, अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि बलराम राय, विशिष्ट अतिथि में दमोह से पधारे के.एल. झरिया, कोमल अहिरवाल, राजाराम धुर्वे, अतिथि गण कृष्ण कुमार पांडे, मुलाम राय पूर्व विधायक प्रतिनिधि, ग्राम की समर्थक समिति अध्यक्ष सुनील अहिरवाल, कोदूलाल, गनेश, करिया, मगना, रामदीन, गुलाब, हरिराम, पप्पू, सचिन, सुनील, रब्बू, संदीप, शुभम के साथ ही कुम्हारी पुलिस स्टाफ सहित ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

### आरोपी कसाई बोले: गाय माता को काटना पाप है, पुलिस हमारी बाप है

# पुलिस ने गौ हत्या करने वाले कसाईयों को पकड़ा, जुलूस निकाला, नारे भी लगवाये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



शहर के सीता बावली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह गर्भस्थ गोवंश की निर्मम हत्या के मामले में जहां शुक्रवार को सुबह से जमकर आक्रोश देखा गया था तो वहीं अगले दिन शनिवार को शहर में उमड़े आक्रोश के बाद पुलिस ने लगातार सक्रियता दिखाते हुये दस कसाईयों को गिरफ्तार करने की कार्यवाही की गई। वहीं इन आरोपियों के जुलूस निकालने के बाद न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। वहीं प्रशासन द्वारा भी सीताबावली क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही शनिवार को भी जारी रखी।

प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को पुलिस ने कडी कार्यवाही करते हुये दस कसाईयों को गिरफ्तार किया गया। इनमें एक महिला के साथ एक नाबालिग भी शामिल है। इन कसाईयों के पकड़े जाने के बाद इन्हे अस्पताल ले जाया गया जिसके बाद इन्हे न्यायालय ले जाया गया। अस्पताल ले जाने व न्यायालय ले जाने के दौरान पुलिस ने इन आरोपियों का जुलूस निकाल दिया। कोतवाली से अस्पताल जाने के लिये निकले जुलूस में आठ कसाईयों के साथ बडी संख्या में पुलिस बल शामिल था। इस दौरान कसाईयों ने नारे लगाये गये - पुलिस हमारी बाप है व गौ माता की जय एवं गाय काटना पाप है जैसे नारे लगाये गये। गर्भस्थ गाय की हत्या के बाद शहर में जिस तरह का आक्रोश था उसके बाद इस जुलूस को देखकर निश्चित ही गौ सेवक, गौ भक्तों को कुछ राहत मिली तो वहीं अन्य कसाईयों को गौ माता पर बुरी दृष्टि न डालने का संदेश भी मिला। अस्पताल में आरोपियों की जांच के बाद उन्हे न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। न्यायालय परिसर में भी आरोपियों के ऊपर अधिवक्ताओं का आक्रोश भी देखने को मिला। कई अधिवक्ताओं ने उन्हे मौके पर ही सबक सिखाने का प्रयास किया तो वहीं कई ने उनका केस न लड़ने की बात कही। इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी आनंद राज का कहना है कि ये अपराधी का जुलूस इसलिये निकाला गया कि यह घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पकडे गये आरोपियों में कुछ आरोपी आदतन है व इनके ऊपर पहले भी इस प्रकार के मामले दर्ज है।

### करोड़ों रुपए की जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई

**दमोह।** प्रशासन के द्वारा एक बड़ी कार्यवाही करते हुए दमोह नगर के अंदर करोड़ों रुपए की जमीन अतिक्रमण से मुक्त कराई गई। लगभग तीन एकड़ से अधिक की यह भूमि अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जे में ले रखी थी। दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में अतिक्रमण करने वाले लोगों के विरुद्ध प्रशासन और पुलिस के साथ नगर पालिका के अमले ने बड़ी कार्यवाही की है। यह भूमि जो सीता बावड़ी और धरमपुरा क्षेत्र में थी, इसकी कीमत करोड़ों में है। कार्यवाही के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मिश्रा, अनुविभागीय दंडाधिकारी दमोह आर.एल. बागरी, तहसीलदार मोहित कुमार जैन एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। एसडीएम आर.एल. बागरी ने कहा कल भी अतिक्रमण हटाया गया था, नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण चिह्नित किया गया है, प्रशासन लगातार नगर पालिका टीम के साथ है और कार्यवाहियां कर रही है। उन्होंने बताया आज 6 अतिक्रमण हटाए गए हैं और अभी भी कार्य चालू है। यह लगातार चलने वाला कार्य है, लगातार इसको करते रहेंगे। जमीन को नगर पालिका सीएमओ चिन्हित कर रहे हैं जितने भी अतिक्रमणकारी हैं मध्य प्रदेश शासन की जमीन पर किसी भी अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने कहा सीताबाबरी में लगभग 3 एकड़ जमीन है, जो करोड़ों रुपए की है, यहां पर जो अस्थाई अतिक्रमण थे, वह सारे स्ट्रक्चर जो बने तोड़ दिये है।

# कलेक्टर ने पांच परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा, एक नकलची पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हायर सेकेंडरी परीक्षा के अंतर्गत 12 वी कक्षा के जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां परीक्षा शांतिपूर्ण संचालित पाई गई। इसके बाद शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहगढ़, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बटियागढ़ एवं सरस्वती शिशु विद्यालय बटियागढ़ का निरीक्षण किया। यहां कुछ केंद्रों पर निर्देशों के बावजूद भी पर्यवेक्षकों द्वारा ब्लैक बोर्ड की प्रविष्टियां पूरी नहीं की जा रही है जिस पर कलेक्टर श्री कोचर ने नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने कहा दिए गये निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाये अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जायेगी। सभी परीक्षार्थी आज उपस्थित हैं केंद्र पर पेटी में शील्ड बंद कर्मचारियों के मोबाइल, ब्लैक बोर्ड पर की गई प्रविष्टियां एवं विद्यार्थियों को वितरित प्रश्न पत्र सेट का भी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने किया निरीक्षण। अपने भ्रमण के दौरन कलेक्टर श्री कोचर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खडेरी पहुँचे। यहां लाइट गोल होने पर कैमरे ऑनलाइन तो थे लेकिन डिस्प्ले चालू न होने के कारण कलेक्टर श्री कोचर ने निर्देशित किया कि सोमवार के पहले डिस्प्ले चालू स्थिति में होना चाहिए। ज्ञात हो कि जहां एक ओर जिले में 19 उड़न दस्ता दलों द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कलेक्टर द्वारा स्वयं भी सभी केंद्रों पर नजर रखी जा रही है। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम में भी नोडल अधिकारी के माध्यम से जिले के सभी केंद्रों को ऑनलाइन देखा जा रहा है।

निरीक्षण दलों द्वारा जो निरीक्षण किया जा रहे हैं, उनमें दमोह जिले का नाम मध्य प्रदेश में तीसरे स्थान पर है जिसकी कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सभी निरीक्षण दलों के द्वारा की जा रही कार्यवाही की प्रशंसा की है। 08 मार्च को कक्षा 12वीं के विषय जीव विज्ञान का पेपर था जिसमें दर्ज संख्या 3422 में से उपस्थित 3404 रहे।

साथ ही अनुपस्थित 18 तथा नकल प्रकरण 01 बनाया गया हैं। यह प्रकरण केंद्र क्रमांक 251001 एक्सीलेंस दमोह में सीएस के द्वारा बनाया गया1

# महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




कलेक्टर दमोह सुधीर कोचर के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस ₹नारी शक्ति से विकसित भारत₹ थीम पर विशेष जिला स्तरीय कार्यक्रम शासकीय प्रधानमंत्री उत्कृष्ट महाविद्यालय दमोह सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष दमोह प्रीति ठाकुर की गरिमामयी मौजूदगी रही। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की पूजन एवं वंदना के साथ हुई तत्पश्चात समस्त अतिथि नारी शक्ति का तुलसी का पौधा भेंट कर सम्मान किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल ने कहा गया भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह जैसी कुरीतियों ने महिलाओं एवं बालिकाओं को हमेशा पीछे खींचने का काम किया है, लेकिन आज समय बदल रहा है, बालिकाओं को भी सम्मान प्रतिभा की दम पर लगातार मिल रहा है। आज यह मंच इसका जीता जागता उदाहरण है। इसी क्रम में पुलिस विभाग से थाना प्रभारी एवं सायबर सेल प्रभारी नारी सशक्तिकरण का उदाहरण रचना मिश्रा द्वारा सायबर अपराध सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव पर अपनी बात रखी और बताया की हमें खासकर महिलाओं एवं बालिकाओं को कैसे इससे बचना चाहिये।

कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति ठाकुर ने कहा की वर्तमान सरकार द्वारा विभिन योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक, सामजिक, राजनैतिक एवं शैक्षिणिक रूप से सशक्त करने में महती भूमिका निभाई है। अब जरूरत है महिलाओं को जन प्रतिनिधि के रूप में स्वयं आगे आकर निर्णय लेना चाहिए, महिलाओं में निर्णय लेने के अद्भुत साहस एवं शक्ति है, हर फैसलों में आप हों न की आपके घर के लोग।

कैदों की तलैया की शाला त्यागी बालिकाओं ने किया बाल विवाह पर दी नाट्य प्रस्तुति

कैदों की तलैया की शाला त्यागी बालिकाओं जिन्हें अभी तक समाज में पन्नी बीनने, भिक्षावृत्ति वाले नाम से संबोधित किया जाता था, मगर विगत 2 माह से सेडमेप संस्था के सहयोग से वोकेशनल प्रशिक्षण के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास जिसमें ममता एच. आई. एम. सी. संस्था का विशेष सहयोग प्राप्त होने पर इनमें अमूल-चूल परिवर्तन देखने को मिल रहा है, उनके द्वारा न केवल नारी शक्ति के प्रतीक रानी दुर्गावती एवं रानी अवन्ती बाई के भेष में उपस्थित हुई, बल्कि 8 बालिकाओं द्वारा बाल विवाह जैसी कुरूति पर कुठारघात करते हुए नाट्य प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं महिलाओं, बच्चों के लिए पोषण, बाल विवाह, एएनसी एवं अन्य योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं आशा, आशा पर्यवेक्षक सेक्टर पर्यवेक्षकों एवं एनएनएम को महिला बाल विकास विभाग द्वारा प्रसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रीमती कल्पना पटेल द्वारा लिखित सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तक का विमोचन किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए श्रीमती सीमा जाट, श्रीमती बबली विश्वकर्मा एवं श्रीमती हीरा सिंह लोधी को सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री प्रवीण फुलपगारे, वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती नर्मदा सिंह एकता, श्रीमती सीमा जाट, श्रीमती कल्पना पटेल, अधीक्षक, भू-अभिलेख श्रीमती सुरेखा यादव, श्रीमती बबली विश्वकर्मा, पिरामल फाउंडेशन की श्रीमती गुंजन शर्मा, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग संजीव मिश्रा, जिला समन्वयक जन अभियान परिषद सुशील नामदेव, पी एन तिवारी, सुयश रावत, वीरेंद्र जैन, कृष्णा पटेल, कशिश चौबे, श्रीमती रेखा उपाध्याय, महिला बाल विकास जिला कार्यालय की टीम सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुप्रसिद्ध कवयित्री एवं उद्घोषक श्रीमती सुषमा जैन द्वारा किया गया, जिन्होंने अपनी कविताओं से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

# बिजली विभाग की बकायादारों के खिलाफ सख्ती, दो बाईक जप्त

**सिंग्रामपुर।** पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के वितरण केंद्र जबेरा के अंतर्गत मार्च माह में राजस्व वसूली के प्रयास तेजी से शुरू हो चुके हैं। इस दौरान वितरण केंद्र के अंतर्गत आने वाले सभी बड़े बकायादारों के विरुद्ध नोटिस के माध्यम से सूचित किया गया है। नोटिस के बाद भी बिल की राशि जमा नहीं किए जाने पर विद्युत वितरण केंद्र जबेरा ने कुर्की की कार्यवाही की है। इस कार्यवाही में उपभोक्ता भजन धनगर पिता प्रेमलाल धनगर ग्राम भजिया में 9286 रुपए की बकाया राशि होने पर एक मोटर साइकिल जप्त की गई। साथ ही ग्राम आमघाट में उपभोक्ता रामसखी पति रामदास के दो अलग-अलग विद्युत कनेक्शनों में 6661 रूपए की बकाया राशि होने पर मोटर साइकिल जप्त की गई। कनिष्ठ यंत्री महेश कुमार महतो ने बताया विद्युत विभाग द्वारा यह कार्यवाही 9500 उपभोक्ताओं पर लगभग 5 करोड़ 97 लाख रुपए की बकाया राशि होने के कारण की गई है। बड़े बकायादारों के बिजली कनेक्शन पूर्व में ही विच्छेद कर दिए गए थे। नोटिस के माध्यम से भी बकाया राशि की सूचना दी गई, लेकिन राशि जमा न होने पर विभाग द्वारा कुर्की की कार्यवाही शुरू की गई है। कुर्की की कार्यवाही में विद्युत विभाग जबेरा के महेश कुमार महतो के साथ आशिक खान, संदीप पटेल, महेंद्र यादव, गोविंद पटेल, दशरथ पटेल, द्वारका पटेल, मुकेश सेन, चंदन लोधी, रवि पटेल , सचिन रैकवार ,नारायण रजक एवं अन्य कर्मचारियों की उपस्थिति रही ।

### नि-क्षय किट का हुआ वितरण, फैमली कोर्ट में कराई एक परिवार की सुलह...

# वर्ष की प्रथम लोक अदालत का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री आनंद कुमार तिवारी ने आज जिला न्यायालय में वर्ष की प्रथम लोक अदालत का शुभारंभ किया। उन्होंने नि-क्षय किट खाद्य सामग्री पौष्टिक आहार का वितरण किया। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश श्री तिवारी न्यायालय परिसर में कियोस्क केन्द्र का फीताकाट कर शुभारंभ किया। फैमली कोर्ट में एक परिवार की सुलह कराई और प्रत्येक कोर्ट में जाकर व्यवस्थाएं देखी । उन्होंने कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया और न्यायालय परिसर में विभिन्न विभागों के पंडालों में जाकर अधिकारियों से चर्चा की। इस अवसर पर न्यायाधीशगण मौजूद थे। जिला न्यायाधीश श्री तिवारी ने बताया शासन की एक योजना लागू हुई है कि मध्य प्रदेश को टीवी मुक्त राज्य बनाना है देश में लक्ष्य यह है कि वर्ष 2025 में देश टीबी रोगियों से मुक्त हो, दमोह जिला भी इसमें चिन्हित हुआ है, जहां टीबी के मरीज है। इसलिये सभी न्यायाधीशगण प्रत्येक माह 600 रुपए का बास्केट यानी खाद्य पदार्थ की सामग्री ऐसे मरीजों को पौष्टिक आहार देते हैं जिसमें निर्धारित मात्रा में समाग्री होती है जिसमें पौष्टिक दाले और दूध पाउडर होता है और भी अन्य खाद्य पदार्थ होते हैं। उन्होंने बताया लोक अदालत के दिन कियोस्क का उद्घाटन किया गया है, इससे वकीलों को, पक्षकारों को बहुत राहत मिलेगी। फ्री में इनको अपने प्रकरणों की जानकारी मिलेगी, स्टेम्प का विक्रय होगा, फोटोकॉपी टाइपिंग आदि अन्य सुविधाएं उपलब्ध होगी।

### कुटुम्ब न्यायालय में निराकृत हुये 05 प्रकरण



कुटुम्ब न्यायालय के समक्ष लंबित 05 प्रकरणों में पति-पत्नि के द्वारा समझाईश दिये जाने के बाद दोनों पक्ष साथ-साथ रहने को तैयार हुये और अपने प्रकरणों को राजीनामा के आधार पर निराकृत किया गया। ऐसे पक्षकारों के द्वारा एक दूसरे को माला पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर अपने प्रकरणों का अंत किया। ऐसे पक्षकारों को न्याय वृक्ष के रूप में फलदार पौधों का वितरण किया गया। यह नेशनल लोक अदालत सभी न्यायाधीशों एवं सभी अभिभाषक बंधुओं, जिला प्रशासन, पत्रकार बंधुओं जिला न्यायालय एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त स्टॉफ के सहयोग से सम्पन्न हुई। श्री रजनीश चैरसिया जिला विधिक सहायता अधिकारी ने सभी के सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। नेशनल लोक अदालत में निराकृत प्रकरणों में पक्षकारगण को वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये फलदार पौधों का भी वितरण किया गया।

# नर्सरी में लगी आग, दो घंटे में काबू पाया



**बनवार।** जंगलों में गर्मी आते ही आगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं। शनिवार को सागौनी वन परिक्षेत्र की बनवार बीट की ऊर्जावन नर्सरी में लरगुवां तिराहे के नजदीक लगे ऊर्जा वन नर्सरी में सुबह 10:00 के समय आग लग गई। यहां लगे पेड़ों के सूखे पत्तों से घनी नर्सरी में आग तेजी से फैल गई थी सूचना मिलते ही मिलते ही बीटगार्ड भरत सिंह अपने चार चौकीदारों सहित मौके पर पहुंचे और करीब 2 घंटे में आग पर काबू पाया गया। ग्रामीणों सहित बनवार चौकीप्रभारी मनीष यादव पुलिस भी यहां पहुंच गए ताकि आगजनी पर तुरंत काबू पाया जा सके। जिस स्थान पर आग लगी थी वह स्थान सड़क मार्ग से लगा हुआ था जिससे आग लगने की सूचना पर तुरंत मिलते ही वन वन विभाग सक्रिय हुआ ताकि आग से नर्सरी में लगे पौधों को आग से बचाया जा सके जब आग लगी तो ऊंचाई तक धुआं के गुब्बार उठे हुए थे और आग लपटें दूर तक नजर आ रही थी। आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सका हैं बताया जाता है। जहां आग लगी थी बिजली लाइन भी नहीं इसीलिए आग शार्ट सर्किट की बजह नहीं लगी होगी गर्मी के कारण पेड़ पौधों से गिरने वाले पत्ते एवं घास से आग लगने की संभावना जताई जा रही । यह भी बताया कुछ राहगीर बीड़ी पीते हुए निकले होंगे और नर्सरी में बीड़ी पी कर वहीं फेंक देते हैं। आग भड़कने का एक कारण यह भी माना जा रहा है। बीटगार्ड भरत सिंह ने बताया बनवार बीट के कंपाउंड 411 में अचानक पेड़ के पत्तों घांस में अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई थी समय पर सूचना मिलने से समय रहते आग ज्यादा विकराल होने से पहले दो घंटे में चारों चौकीदारों ग्रामीणों की मदद से काबू पा लिया गया। आग आस-पास घास और पत्ते में लगी थी जो तीन हेक्टेयर क्षेत्र में फैल गई थी आग से पेड़ पौधों को नुकसान नहीं हुआ। आग सिर्फ पत्तों और घास में लगी थी कुछ पौधे मात्र आग में झुलस गए पौधों बड़े नहीं और पोले नहीं होने की बजह आग पौधों में पकड़ने के पहले ही बुझा दी गई आग का कारण अज्ञात है।

# 423 लंबित प्रकरणों का हुआ निराकरण

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार परस्पर समझौते के आधार पर त्वरित एवं सुलभ न्याय दिये जाने के उद्देश्य से दिनांक 08 मार्च 2025 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में श्री आनंद कुमार तिवारी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में किया गया। मान्नीय उच्च न्यायालय से व्ही.सी. के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया, जिसमें मान्नीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार तिवारी, विशेष न्यायाधीश श्री उदय सिंह मरावी, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री मोहम्मद अजहर, सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ दमोह श्री कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष श्री सुरेश कुमार खत्री, सचिव श्री सुधीर पाण्डेय एवं अधिवक्तागण उपस्थित हुये। सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ-साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। इस हेतु जिला मुख्यालय दमोह एवं तहसील हटा, पथरिया व तेंदूखेड़ा हेतु कुल 23 खण्डपीठों का गठन किया गया है। प्रकरणों के निराकरण हेतु मान्नीय प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय द्वारा नेशनल लोक अदालत हेतु गठित खंडपीठ पहुंचकर उपस्थित पक्षकारों व अधिवक्तागण को राजीनामा के आधार पर अपने प्रकरण का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से किये जाने हेतु प्रेरित किया गया। परिणाम स्वरूप इस नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 19 प्रकरणों में कुल 95,44,200/-के अवार्ड पारित किये गये। इसके अतिरिक्त न्यायालयों में लंबित 126 विद्युत, 36 चैक अनादरण, 173 दांडिक, 11 सिविल के लंबित प्रकरणों सहित कुल 423 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया जाकर दो करोड़ अस्सी लाख छत्तीस हजार नौ सौ इक्कीस रूपये के अवार्ड पारित किये गये, इसी प्रकार नेशनल लोक अदालत के माध्यम से प्रिलिटिगेशन के मामलों में कुल 568 प्रकरणों का निराकरण किया गया जाकर तेहत्तर लाख पचत्तर हजार नौ सौ तेईस रूपये की वसूली की गई।

### फूड बास्केट का किया वितरण

टी.बी. मुक्त भारत अभियान अंतर्गत जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ न्यायाधीशगण द्वारा निःक्षय मित्र के रूप में टी.बी. रोगियों को नेशनल लोक अदालत के अवसर पर फूड बास्केट का वितरण किया गया, जिसमें मान्नीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आनंद कुमार तिवारी एवं जिला मुख्यालय के समस्त न्यायाधीशगण, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया तथा जिला चिकित्सालय दमोह की ओर से दीपक सिंह राजपूत, जिला समन्वयक, जिला क्षय केन्द्र दमोह एवं टी.बी. रोगीगण उपस्थित रहे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्र./निविदा/2025/1484 | // निविदा आमंत्रण सूचना // | हटा, दिनांक 06.03.2025

एतद द्वारा सर्व संबंधितो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद हटा को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निम्नलिखित सामग्रियों की आवश्यकता है, इस हेतु आईटम दर के आधार पर आनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है । इच्छुक निविदाकार निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देख सकते है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_408087_1 08/03/2025 | निर्माण सामग्री सप्लाई कार्य | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 40.00 लाख | 1- 5000.00 2- 30000.00 | 10/04/2025 |
| 2 | 2025_UAD_408088_1 08/03/2025 | विभिन्न साईजों के टायर - ट्यूब सप्लाई कार्य | 1- वित्तीय वर्ष 2025-26 2- 5.00 लाख | 1- 2000.00 2- 5000.00 | 25/03/2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, हटा
जिला- दमोह (म.प्र.)